
0217CH05

# 5. दोस्त की मदद

किसी तालाब में एक कछुआ रहता था। तालाब के पास माँद में रहने वाली एक लोमड़ी से उसकी दोस्ती हो गई। एक दिन वे तालाब के किनारे गपशप कर रहे थे कि एक तेंदुआ वहाँ आया। दोनों अपने–अपने घर की ओर जान बचाकर भागे। लोमड़ी तो सरपट दौड़कर अपनी माँद में पहुँच गई पर कछुआ अपनी धीमी चाल के कारण तालाब तक नहीं पहुँच सका। तेंदुआ एक छलाँग में उस तक पहुँच गया।




© NCERT not to be republished

कछुए को कहीं छुपने का भी मौका न मिला। तेंदुए ने कछुए को मुँह में पकड़ा और उसे खाने के लिए एक पेड़ के नीचे चला गया लेकिन दाँतों और नाखूनों का पूरा ज़ोर लगाने पर भी कछुए के सख्त खोल पर खरोंच तक नहीं आई। लोमड़ी अपनी माँद से यह देख रही थी। उसने कछुए को बचाने की तरकीब सोची। उसने माँद से झाँककर बाहर देखा और भोलेपन के साथ बोली– तेंदुए जी, कछुए के खोल को तोड़ने का मैं आसान तरीका बताती हूँ। इसे पानी में फेंक दो। थोड़ी देर में पानी से इसका खोल नरम हो जाएगा। चाहो तो आज़माकर देख लो!

तेंदुए ने कहा– ठीक है, अभी देख लेता हूँ!

यह कहकर उसने कछुए को पानी में फेंक दिया।

बस फिर क्या था,
गया कछुआ
पानी में!





© NCERT not to be republished





## कहानी से

- लोमड़ी ने कछुए को बचाने का क्या उपाय सोचा?
- तेंदुए ने क्या मूर्खता की?
- तेंदुए की इस मूर्खता से कछुए को क्या फ़ायदा हुआ?



## गपशप

जब तेंदुआ आया तब कछुआ और लोमड़ी गपशप कर रहे थे। सोचो वे क्या बातें कर रहे होंगे? यह तुम अपने दोस्त के साथ मिलकर सोचो।

सोची गई गपशप पर तुम नाटक भी कर सकते हो।



## कछुआ चाल

कछुआ बहुत धीरे-धीरे चलता है। इसलिए जो बहुत धीरे चलता है उसके लिए हम कहते हैं–

*वह कछुए की तरह चलता है।*


अब बताओ इनके लिए क्या कहेंगे–

- जो तेज़ भागता हो।

  वह .......................... की तरह भागता है।

- जो बहुत अच्छा तैराक हो।


  वह .......................... की तरह तैरता है।



© NCERT not to be republished



## तुम्हारी समझ से



जब तेंदुए ने कछुए को पकड़ा तब

- वह क्या सोच रहा होगा?
- उसने उस समय किसे याद किया होगा?



## खोल जैसा सख्त?

- बताओ कछुए के खोल जैसी सख्त चीज़ें और क्या हो सकती हैं?
- लोमड़ी ने तेंदुए को कछुए का खोल तोड़ने का आसान तरीका बताया था। क्या तुम नारियल को तोड़ने का तरीका सुझा सकते हो?



## एक से अनेक

*एक **कछुआ** पानी से बाहर निकल आया।*
*तीन **कछुए** पानी से बाहर निकल आए।*

अब नीचे दिए शब्दों को बदलकर लिखो–

| | | |
|---|---|---|
| • एक कपड़ा | तीन | ...................... |
| • एक रुपया | पंद्रह | ...................... |
| • एक खंभा | चार | ...................... |
| • एक पौधा | आठ | ...................... |
| • एक पतीला | दो | ...................... |
| • एक संतरा | दस | ...................... |

© NCERT not to be republished







## किसकी चाल

बताओ, ऐसे कौन-कौन चलता है?

फुदक-फुदक कर .................... ....................

चौकड़ी भरकर .................... ....................

छलाँग लगाकर .................... ....................

रेंग-रेंग कर .................... ....................



## मुलायम-नरम

लोमड़ी ने तेंदुए को बताया था कि पानी में फेंकने से कछुए का खोल मुलायम हो जाएगा।

नीचे लिखी चीज़ों में से कौन-कौन सी चीज़ें पानी में फेंकने से मुलायम हो जाएँगी? सही जगह पर लिखो।

*कागज़, लकड़ी, गिलास, रोटी,*
*बिस्किट, प्लेट, पत्ता, मोम, रूई, पापड़*

| मुलायम हो जाएँगी | मुलायम नहीं होंगी |
|---|---|
| .......................... | .......................... |
| .......................... | .......................... |
| .......................... | .......................... |
| .......................... | .......................... |
| .......................... | .......................... |

© NCERT not to be republished







## एक और कहानी

..........................................

एक मगरमच्छ था। वह लोमड़ी को खाना चाहता था। पर लोमड़ी थी बहुत चालाक। वह मगरमच्छ की पकड़ में ही नहीं आती थी। मगरमच्छ ने एक बार कछुए से मदद माँगी। कछुए ने कहा—लोमड़ी हमेशा नदी पर पानी पीने आती है। क्यों न तुम उसे वहीं पकड़ लो! मगरमच्छ उस दिन नदी पर लोमड़ी का इंतज़ार करता रहा। पूरी रात काट दी। फिर पता चला कि ..................................

........................................................................................

........................................................................................

- कहानी को अपने मन से आगे बढ़ाओ।
- कहानी का अपने मन से कोई नाम रखो।





© NCERT not to be republished